कोटद्वार, गुरूवार
28 नवम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 204 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### प्रेमिका से विवाद में युवक ने काटी हाथ की नस

ऋषिकेश। प्रेम–प्रसंग के चलते एक युवक का बुधवार को अपनी प्रेमी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह बात प्रेमी को इस कदर बुरी लगी कि उसने खुद की जान लेने की सोच ली। गुस्से में तिलमिलाए प्रेमी ने ब्लेड से अपनी हाथ की नस काट दी जिससे वह लहूलुहान हो गया। आनन–फानन में परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर गए हैं, जहां उसका उपचार चल रहा है। ऋषिकेश के एक गांव निवासी युवक का कुछ सालों से क्षेत्र की युवती से प्रेम–प्रसंग चल रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार को दोनों आपस में मिले और उनमें किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद प्रेमिका वहां से चली गई। इससे गुस्साए प्रेमी ने ब्लेड से अपनी हाथ की नस काट दी। मौके पर हाथ से खून बहने लगा। इसके बाद युवक सीधे अपने घर चला गया। परिजन उसके हाथ से खून बहते देख हैरान हो गए। वह युवक को तुरंत अस्पताल लेकर गए। खून अधिक बहने पर युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऋषिकेश कोतवाल राजेंद्र सिंह खोलिया ने कहा कि बीस वर्षीय युवक ने हाथ की नस काटी है। परिजनों ने पूछताछ कर पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

### निर्माणाधीन सड़क के मलबे और बोल्डर से क्षतिग्रस्त हो रहा हाईवे

विकासनगर)। निर्माणधीन हिवाई–सूई मोटर मार्ग के कारण क्षेत्र का मुख्य मोटर मार्ग त्यूणी–चकराता–मसूरी क्षतिग्रस्त हो रहा है। निर्माणाधीन मार्ग का मलबा और बोल्डर हाईवे पर गिर रहे हैं। इससे हाइवे को नुकसान पहुंच रहा है। एनएच डिविजन डोईवाला ने लोनिवि चकराता को नोटिस भेजकर सड़क की सुरक्षा की हिदायत दी है। इन दिनों लोक निर्माण विभाग चकराता डिविजन की ओर से त्यूणी–चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग रोहटा खड्ड के समीप से तीन किलोमीटर हिवाई–सुई मोटर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। सड़क कटिंग के दौरान मलबा और बोल्डर नीचे मुख्य मोटर मार्ग पर गिर रहा है। इससे क्रैश बैरियर और डामर क्षतिग्रस्त हो रहा है। ग्रामीण जगजीत सिंह, रविन्द्र सिंह, बबलू, महिपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, बलवंत, केदार सिंह आदि का कहना है कि लोक निर्माण विभाग चकराता को मलबा शिफ्टिंग कार्य सही ढंग से करवाना चाहिए, जिससे सरकारी सड़क को क्षति न हो। उन्होंने कहा इससे पूर्व एक ठेकेदार द्वारा कचानू मोटर मार्ग निर्माण कार्य के दौरान पूरा मलबा नीचे डालने से क्रैश बैरियर और मुख्य सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। अधिशासी अभियंता एनएच डिविजन डोईवाला नवनीत पांडे ने बताया कि जेई, एई से जानकारी मिली कि हिवाई–सूई मोटर मार्ग का मलबा और बोल्डर एनएच पर गिर रहा है।

### गैस सिलेंडर के डिलीवरी मैन से लूटपाट का प्रयास

रुड़की। रसोई गैस के सिलेंडर डिलीवर करने वाले युवक को लूटने के इरादे से बाइक सवार बदमाशों ने उसका टेंपो रुकवाने की कोशिश की। लेकिन युवक अपने टेंपो से उनकी बाइक को टक्कर मारकर भाग निकला। बुधवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांबिंग की। खानपुर थाने के रूहालकी गांव निवासी विनित कुमार लक्सर में रसोई गैस के सिलेंडर वितरण करने वाली एजेंसी में डिलीवरी मैन है। बुधवार को अपने छोटे चौपहिया टेंपो में सिलेंडर लादकर वह देहात में गया था। उसका साथी सत्यम भी टेंपो में था। चिड़ियापुर से निकलकर माखियली खुर्द जाते समय पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए। उन्होंने बाइक टेंपो से आगे निकली, और चालक के पीछे बैठे बदमाश ने तमंचा दिखाकर टेंपो रोकने का इशारा किया।

### नाबालिग को भगा ले जाकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। नाबालिग को भगा ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को डालनवाला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार करते हुए किशोरी को बरामद किया। इंस्पेक्टर डालनवाला मनोज कुमार मेनवाल ने बताया कि 22 नवंबर को थानाक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने तहरीर दी। बताया कि उनकी नाबालिग भांजी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने लापता होने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने किशोरी के परिजनों और दोस्तों से उसके बारे में पूछताछ की।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में तीर्थ स्थलों के विकास और कल्याण के लिए उठाएं कदम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में आयोजित तृतीय कुम्भ कॉन्क्लेव के समापन समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में तीर्थ स्थलों के विकास और कल्याण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। जिसके बाद देश में बड़े बदलाव हुए है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सनातन संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। निश्चित ही उन्हीं के नेतृत्व में होने जा रहे महाकुंभ का आयोजन भी भव्य और ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कुंभ जैसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जुड़ने में मदद करते हैं और हमें समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में होने जा रहा महाकुंभ भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति मात्र एक पूजा-पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने का एक ऐसा मार्ग है, जिसमें प्रत्येक प्राणी के कल्याण की भावना निहित है। हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर आधारित है। कुंभ का आयोजन भी हमारी इसी विचारधारा का प्रतीक है, जहां देश-विदेश से लाखों लोग बिना किसी भेदभाव के संगम में डुबकी लगाकर आत्मिक शांति प्राप्त करते हैं। कुम्भ मेले के माध्यम से हम अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ियों तक भी पहुंचाते हैं। यह कुंभ कॉन्क्लेव भारतीय सनातन संस्कृति, सभ्यता और आध्यात्मिकता के मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का एक प्रभावशाली मंच है। जिसके आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने इंडिया थिंक काउंसिल का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिवेणी की ये भूमि गंगा, यमुना और सरस्वती जैसी पवित्र नदियों की संगम स्थली के साथ हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक परंपराओं का भी संगम है। यहां होने वाला कुंभ धार्मिक स्नान, पाप मुक्ति के साथ ही व्यक्ति को आत्मिक, वैचारिक और मानसिक शुद्धि भी प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ के आयोजन में विश्वभर से लोग भारतीय संस्कृति, योग, आयुर्वेद और आध्यात्मिकता के रहस्यों को जानने और समझने हेतु आते हैं। इससे भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास भी और विरासत भी के मूल मंत्र के साथ एक नया इकोसिस्टम भी विकसित किया जा रहा है। केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम का पुनर्निर्माण कार्य, अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का

### ऋषिकेश में पर्यटन विकास के लिए केंद्र सरकार ने मंजूर किए 100 करोड़

**जयन्त प्रतिनिधि।** देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार की ओर से उत्तराखंड को 'स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट 2024-25 योजना' के तहत 66 करोड़ रुपए का विशेष लोन (सहायता) जारी करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय में तीर्थनगरी ऋषिकेश में पर्यटन विभाग के अधीन विभिन्न परियोजनाओं के लिए योजना के तहत कुल 100 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिसमें से प्रथम किश्त के रूप में 66 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। जबकि दूसरी किश्त के 34 करोड़ रुपए, प्रथम चरण की सहायता 75 प्रतिशत तक खर्च करने पर जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लंबे समय से इस विशेष वित्तीय सहायता के लिए प्रयासरत थे, उनकी इस बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बात भी हो चुकी थी। मुख्यमंत्री धामी ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राप्त वित्तीय सहायता से सरकार ऋषिकेश को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करेगी।

## छात्रसंघ चुनाव मामले में सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा



हल्द्वानी। हाईकोर्ट ने प्रदेश में अब तक छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने के मामले में राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब पेश करने के लिए कहा है। मामले की सुनवाई बुधवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 18 दिसंबर नियत की है। मामले के अनुसार, किशन सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर सभी प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों को सितंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर छात्रसंघ चुनाव करा लेने को कहा था। लेकिन कई विश्वविद्यालयों ने अक्तूबर तक तो छात्रों के एडमिशन कराए हैं तो सितंबर में चुनाव कैसे हो सकते हैं। याचिका में कहा है कि सरकार का यह आदेश गलत है, इस पर रोक लगाई जाए। राज्य सरकार ने लिंगदोह समिति की रिपोर्ट और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन किया है। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा–निर्देश, लिंगदोह समिति की रिपोर्ट और यूजीसी की नियमावली में स्पष्ट कहा गया है कि हर विश्वविद्यालय का अपना एक शैक्षणिक कैलेंडर होगा। उसी के आधार पर सभी कार्यक्रम निर्धारित होंगे। एडमिशन होने के आठ सप्ताह के बाद छात्रसंघ के चुनाव भी होंगे। यहां राज्य सरकार ने समिति की रिपोर्ट, यूजीसी के नियमों एवं विश्वविद्यालयों की नियमावली का उल्लंघन कर आदेश पारित कर दिया। सितंबर तक चुनाव कराने की तिथि तक नियत कर दी। याचिका में कहा है कि जब अक्तूबर तक एडमिशन हुए हैं, तो सितंबर में बिना छात्रों के चुनाव कैसे संभव हैं? याचिका के अनुसार, राज्य सरकार को यह अधिकार नहीं है कि वह किसी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कैलेंडर निर्धारित करे। यह अधिकार केंद्र सरकार और यूजीसी को है।

# संभल हिंसा: बख्शे नहीं जाएंगे उपद्रवी

**• सार्वजनिक जगहों पर लगेंगे पत्थरबाजों के पोस्टर**



संभल। संभल जिले में हिंसा करने वाल बख्शे नहीं जाएंगे। उपद्रवियों और पत्थरबाजों के सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगेंगे। इसके साथ ही नुकसान की वसूली भी पत्थरबाजों से होगी। पुलिस ने घटना में शामिल लोगों की सभी उउळश् फुटेज खंगाली है। 100 से अधिक लोगों की पहचान की गई है। जल्द ही पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण के दौरान हुए बवाल के बाद पत्थरबाजों और उपद्रवियों की तलाश जोरों पर हो रही है। इसके साथ ही हिंसा करने वालों पर यूपी सरकार सख्ती बरतेगी। पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर सार्वजनिक रूप से लगाए जा सकते हैं। इसके साथ ही नुकसान की उपद्रवियों से वसूली की जा सकती है। जरूरी हुआ तो उपद्रवियों पर इनाम भी घोषित हो सकता है। संभल हिंसा के गुनहगार किसी भी सूरत में बच नहीं पाएंगे। बता दें कि यूपी की योगी सरकार पहले ही उपद्रव करने वालों के खिलाफ नुकसान की वसूली और पोस्टर का अध्यादेश जारी कर चुकी है।


मीडिया में भी जारी किए जाएंगे फोटो

कमिश्नर ने बताया कि सर्वे से एक दिन पहले जिला प्रशासन ने जामा मस्जिद कमेटी को नोटिस दिया था। जब सर्वे टीम पहुंची तो संभल विधायक इकबाल महमूद का बेटा सुहेल इकबाल भी जामा मस्जिद पहुंच गया। उसने सर्वे टीम के साथ शामिल होने की बात कही। टीम ने उसे साथ शामिल करने से मना कर दिया। इसके बाद ही भीड़ जुटी और बवाल हुआ। उपद्रव में शामिल लोगों के फोटो शीघ्र ही मीडिया में भी जारी किए जाएंगे, जिससे उन्हें पकड़ने में आसानी होगी। पुलिस ने पथराव करने वाले सैकड़ों आरोपियों को चिह्नित कर लिया है और गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है। संभल शहर के अलावा आसपास के कस्बों और गांवों में भी बवालियों को ढूंढा जा रहा है। दर्जनों लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। उनसे अलग–अलग थानों में पूछताछ करके अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा और डीआईजी मुनिराज जी ने मंगलवार सुबह पुलिस फोर्स के साथ शहर में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से बातचीत की और कहा कि दुकानें खोलें और व्यापार करें। हालांकि, शहर के अधिकांश बाजारों में दुकानें खुलने के बावजूद सन्नाटा पसरा रहा। शहर की जामा मस्जिद के आसपास की दुकानें नहीं खुलीं। बवाल के बाद से भागे सैकड़ों लोगों के घरों पर अब भी ताले लटके हैं। पूरा इलाका पुलिस छावनी बना है।

### हिंदू रक्षा दल डालेगा देहरादून की सभी मस्जिदों के सर्वे के लिए पीआईएल

देहरादून। हिंदू रक्षा दल दून की सभी मस्जिदों के सर्वे के लिए हाईकोर्ट में पीआईएल डालेगा। हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों का दावा है कि मस्जिदों के सर्वे के लिए डाली जा रही इस पीआईएल के लिए दल के पास पर्याप्त दस्तावेज हैं। प्रेस क्लब में बुधवार को हुई प्रेसवार्ता में दल के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा, प्रदेश प्रभारी भंवर सिंह पुंडीर, राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश चंद शर्मा ने बताया कि मस्जिदों के सर्वे में वैध अवैध मस्जिदों का पता लगाया जाएगा। दल के पदाधिकारियों ने कहा कि वैध मस्जिदों से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन अवैध रूप से बनी मस्जिदें स्वीकार नहीं हैं। पीआईएल डालने में काफी खर्चा आता है। इसके लिए संगठन ने पूरी तैयारी कर ली है। सभी तरह से दस्तावेज तैयार किए गए हैं, ताकि उन्हें हाईकोर्ट में पीआईएल के साथ डाला जा सके। इसी के साथ दस दिसम्बर से पहले भगवा झंडे के बैनर तले धीरेन्द्र शास्त्री की अगुवाई में हिंदू राष्ट्र संकल्प यात्रा भी प्रदेश में निकाली जाएगी। साथ ही लव जेहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग के साथ पचास से अधिक संतों की अगुवाई में प्रदेश में जल्द ही आमरण अनशन और आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# वन विभाग के शूटरों ने आदमखोर तेंदुए को मार गिराया



देहरादून। देहरादून में वन विभाग के शूटरों द्वारा मंगलवार शाम टिहरी गढ़वाल में आदमखोर तेंदुए को मार गिराया गया। वन विभाग के अनुसार इस तेंदुए ने इस साल के जुलाई से अब तक तीन बच्चों को अपना शिकार बनाया था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। 22 जुलाई को तेंदुए ने जब भिलंगना ब्लॉक के भौंद गांव में एक 9 वर्षीय लड़की को मार डाला तो इसके बाद इसे 'आदमखोर' घोषित कर दिया गया था।बच्चों की सुरक्षा के लिए घोषित की गई छुट्टी : 29 सितंबर को इसी ब्लॉक के पुरवाल गांव में तेंदुए ने तीन साल के बच्चे को मार डाला था। 19 अक्टूबर को इसी ब्लॉक के कोट महेर गांव में तेंदुए ने 13 साल की बच्ची को मार डाला था। इस घटना के बाद टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने स्कूली छात्रों की सुरक्षा को और भी कड़ा करने के लिए भौड़ गांव, पुरवाल गांव के प्राथमिक विद्यालय, अंथवाल गांव के प्राथमिक और उच्च विद्यालय के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन दिन की छुट्टी घोषित कर दी थी।

**चार महीनों में तीन बच्चों की मौत, डर में जीते लोगः**


इन स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। अधिकारियों के अनुसार मादा तेंदुआ करीब सात साल की है। भिलंगना रेंज अधिकारी आशीष नौटियाल ने कहा कि हमारे शूटरों ने आदमखोर तेंदुए को सफलतापूर्वक मार गिराया है। पिछले चार महीनों में इस बड़ी बिल्ली ने तीन बच्चों को मार डाला था। यह मादा थी और सात साल की थी। भिलंगना ब्लॉक के कई गांव पिछले महीनों से डर के साये में जी रहे थे। हमारे अधिकारियों द्वारा शव को जलाने से पहले तेंदुए का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

**पहले भी मार गिराए गए आदमखोर तेंदुए**

फरवरी में, टिहरी जिले के मलेथा क्षेत्र में आतंक मचाने वाले तेंदुए ने वन विभाग के चार कर्मचारियों सहित पांच महिलाओं को घायल कर दिया था। इसके बाद इसे वन विभाग के शूटरों ने गोली मारकर मार गिराया था। अप्रैल में, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के मनोरथपुर बसीटेला गांव में 35 वर्षीय किसान को मारने वाली बाघिन को वन अधिकारियों द्वारा 10 दिनों के अभियान के बाद पकड़ा गया था। सितंबर में, वन विभाग ने एक तेंदुए को पकड़ा जिसने 19 अगस्त को पौड़ी जिले के कोटा गांव में एक पांच वर्षीय लड़के पर हमला किया था।

**लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर भीषण हादसा**

# डिवाइडर तोड़ ट्रक से टकराई कार, चार डॉक्टरों समेत पांच की मौत



कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस–वे पर भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल हैं। कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ ट्रक से टकरा गई। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के चार डॉक्टरों समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के साढ़े तीन बजे के करीब किलोमीटर संख्या 196 हादसा हुआ। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के चार डॉक्टरों समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग लखनऊ से शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।

**शादी समारोह से लौट रहे पांच लोगों की मौत**

सुबह 3:43 पर कंट्रोल रुम से सूचना मिली कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 196 पर हादसा हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्कार्पियो आगरा जा रही थी, नींद आने के कारण कार डिवाइडर तोड़ कर आगरा से लखनऊ जाने वाली दिशा में पहुंच गई। इसके बाद आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसे में अनिरुद्ध वर्मा पुत्र पवन कुमार वर्मा निवासी राधा विहार एक्सटेंशन कमला नगर आगरा समेत पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल है। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है। शवों को मोर्चरी में रखा गया है। बताया गया कि चार मृतक डॉक्टर हैं और सैफई मेडिकल कॉलेज में पीजी कर रहे हैं। एक मृतक लिपिक है। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने बताया कि सभी के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक चालक मौके से भाग गया है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि तिर्वा पुलिस को हादसे की जांच के आदेश दिए गए हैं। जयवीर सिंह पुत्र करण सिंह निवासी बुद्ध विहार मुरादाबाद गंभीर घायल है। सैफई में उनका इलाज चल रहा है। हादसे पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि हर एक जान अनमोल होती है, लेकिन जान बचानेवाले डॉक्टरों की जान जाना और भी अधिक दुखद घटना है। –

### उच्च सदन की बनी रहे गरिमा, फैसलों का हो सम्मान– सभापति धनखड़

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सदन की परंपराओं का पालन करने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सभापति द्वारा दिए गए फैसलों का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्यसभा के सदस्यों से उत्पादकता का स्तर बढ़ाने तथा चर्चा, संवाद और नियमों के पालन का माहौल बनाने का आह्वान किया। दरअसल, इस समय संसद में शीतकालीन सत्र चल रहा है। इस बीच राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अध्यक्ष के फैसले के लिए सम्मान की आवश्यकता होती है, न कि मतभेदों की वजह बनने की। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संविधान को अपनाने की सदी की चौथी तिमाही के पहले दिन का ऐतिहासिक दिन है, आइए हम उत्पादकता का स्तर बढ़ाएं, आइए हम ऐसा माहौल बनाएं जो चर्चा, संवाद, विचार–विमर्श और नियमों के पालन का उदाहरण बने।

## गैरसैण के नाम पर फरेब कर रहें हैं राजनीतिक दलः हरक



देहरादून। पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत ने गैरसैंण पर बिना किसी राजनीतिक दल का नाम लिए फरेब की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शुरू से राजनीतिक दल गैरसैंण के नाम पर लोगों की भावनाओं से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह शुरू से कहते आ रहे हैं कि देहरादून को स्थायी राजधानी और गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी होना चाहिए। कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए हरक सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जमाने से जाने कितनी बार आदेश हुए कि कमिश्नर गढ़वाल मंडल के पौड़ी मुख्यालय में बैठे। लेकिन अधिकारी वहां बैठने को तैयार नहीं हैं। गैरसैंण में केवल सत्र के दौरान ही चहल–पहल दिखाई देती है। वहां भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता सांठगांठ करने के सत्र को तीन दिन से ज्यादा नहीं चलाते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल उत्तराखंड के लोगों के जज्बातों के साथ धोखा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर मुख्यमंत्री गैरसैंण को राजधानी बनाने की बात करते हैं। केवल बिल्डिंगें खड़ी करने से यह काम पूरा नहीं होगा। न हो कभी मुख्य सचिव बैठते हैं, न ही डीजीपी। सत्र के दौरान केवल खानापूर्ति के लिए वहां जाते हैं। उन्होंने कहा कि विजय बहुगुणा की सरकार में मंत्री रहते हुए गैरसैंण में एक जनसभा में मंच से उन्होंने यह बात कही थी कि देहरादून स्थायी और गैरसैंण को पूर्ण रूप से ग्रीष्मकालीन राजधानी होना चाहिए।

# पीएम मोदी बोले— कांग्रेस सरकार से तंग आ चुकी है तेलंगाना की जनता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के भाजपा विधायकों और सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह बात कही। भाजपा विधायकों से मुलाकात के बाद तस्वीरें साझा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, तेलंगाना भाजपा के विधायकों और सांसदों के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि तेलंगाना की जनता वहां की कांग्रेस सरकार से तंग आ चुकी है और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कुशासन की भयानक यादें अब भी उनके मन में ताजा हैं, लिहाजा वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर बड़ी उम्मीद से देख रही है। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के भाजपा विधायकों और सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह बात कही। भाजपा विधायकों से मुलाकात के बाद तस्वीरें साझा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, तेलंगाना भाजपा के विधायकों और सांसदों के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। उन्होंने कहा, राज्य में हमारी पार्टी की उपस्थिति तेजी से बढ़ रही है। तेलंगाना के लोग पहले ही कांग्रेस से तंग आ चुके हैं और बीआरएस कुशासन की भयानक यादें हैं। वे बड़ी उम्मीद से भाजपा की ओर देख रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा लगातार आवाज उठाती रहेगी। पीए मोदी ने कहा, हमारे कार्यकर्ता विकास के एजेंडे पर विस्तार से काम करते रहेंगे। प्रधानमंत्री से मुलाकात करने वालों में केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और बंडी संजय कुमार तथा वरिष्ठ नेता के लक्ष्मण सहित कई सांसद और विधायक शामिल थे।

### आरक्षण का फायदा लेने के लिए ईसाई महिला ने बदला धर्म, सुप्रीम कोर्ट ने जमकर लगाई फटकार

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने धर्म बदलने वाली ईसाई महिला के मामले पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा, यदि कोई व्यक्ति रोजगार में आरक्षण का लाभ उठाने के लिए बिना किसी आस्था के धर्म परिवर्तित करता है तो यह आरक्षण की नीति की समाजिक भावना के खिलाफ होगा। ऐसे कार्यों को "संविधान के साथ धोखाधड़ी" कहा जाता है। संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत किसी धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने के मौलिक अधिकार को स्वीकार करते हुए, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और आर महादेवन की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक धर्मांतरण सच्चे विश्वास से प्रेरित होते हैं, न कि गुप्त उद्देश्यों से।

# आंध्र प्रदेश के फार्मा प्लांट में जहरीली गैस लीक होने से 1 की मौत, 20 अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली। बुधवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के अनकापल्ली में एक फार्मा प्लांट में जहरीली गैस लीक होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 लोग बेहोश हो गए। सभी पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि तरल पदार्थ के रिसाव के कारण यह दुर्घटना हुई। कर्मचारियों ने ल्तउ' और कोलोरफॉर्म के मिश्रण को सांस के जरिए अंदर ले लिया। कोलोरफॉर्म एक वाष्पशील रंगहीन सघन तरल पदार्थ है जिसका उपयोग उद्योगों और चिकित्सा उपयोग के लिए विलायक के रूप में किया जाता है।

**10 लोगों ने रिसाव को साफ किया**

पीड़ितों के परिवार ने आरोप लगाया कि प्रबंधक ने इस दुर्घटना को छिपाने की कोशिश की। सूत्रों ने कहा कि किसी ने भी दुर्घटना को गंभीरता से नहीं लिया। जब यह गैस आग में तब्दील हुई तो उन्होंने आग बुझाने के लिए कास्टिक सोडा डालने की कोशिश की। शिफ्ट में 180 लोग थे, जिनमें से 10 लोगों ने रिसाव को साफ किया, बाकी घर चले गए। देर शाम जब कर्मचारियों को सांस लेने में तकलीफ हुई, तब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**ओडिशा के युवक की मौत**

फार्मा प्लांट की तरफ से एक प्रेस नोट जारी किया गया। उसमें कहा गया कि कंपनी के उत्पादन संयंत्र में रिएक्टर–कम–रिसीवर टैंक (जीएलआर–325) से तरल रूप में 400 लीटर एचसीएल लीक हो गया और नीचे फर्श पर गिर गया। इस हादसे में ओडिशा का रहने वाला 23 वर्षीय युवक अमित (सहायक) का अस्पताल में निधन हो गया। हालांकि, अब कोई भी कर्मचारी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।

**पीड़ित अस्पताल में भर्ती**

फार्मा अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों को कंपनी द्वारा विशाखापत्तनम के गजुवाका में पवन साईं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## सम्पादकीय

# भूमि क्रय में सावधानी

उत्तराखंड में भू–कानून यदि चरितार्थ होता है तो निश्चित तौर पर प्रदेश के हालात कुछ सुधरेंगे और बाहरी लोगों द्वारा जमीनों की खरीद फरोख्त पर रोक लगाई जा सकेगी। उधर प्रदेश के लोगों को भी अब सतर्क रहना होगा कि वह बाहरी लोगों को जमीन खरीदने या बेचने से पूर्व अच्छी तरह से मंथन कर लें क्योंकि उनका यह फैसला भविष्य में उनके लिए घाटे का सौदा भी साबित हो सकता है। जमीनों की खरीद फरोख्त में अनियमितताओं के बाद राज्य में मौजूदा भू–कानून के उल्लंघन से जुड़े मामलों में जिला प्रशासन स्तर से लगातार कार्रवाई जारी है। क्रय विक्रय के पीछे ऐसी सूचनाओं भी सरकार के पास आई है जिनमें राज्य से बाहर के लोग, जिन्होंने पूर्व में भू–कानून के उल्लंघन कर जमीनें खरीदी हैं, वे अब इन जमीनों को राज्य के लागों को ही बेच रहे हैं। स्थानी लोगों को सतर्क रहना होगा कि वह ऐसे लोगों से किसी भी सूरत में जमीन ना खरीदे क्योंकि ऐसी सभी जमीनें जांच के दायरे में है और आने वाले समय में ऐसा कोई भी सौदा मुसीबत भरा हो सकता है या फिर कह सकते हैं कि खरीदारों को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है। सरकार के नए प्रयासों के बाद यह स्पष्ट है कि यदि राज्य से बाहर के किसी व्यक्ति ने भू–कानून उल्लंघन कर राज्य में जमीन खरीदी है तो उन प्रकरण में भू–कानून के स्पष्ट प्रावधानों के तहत कार्रवाई होना निश्चित है। बाहरी लोगों द्वारा जमीन खरीदे जाने के बाद सरकार के तेवरों से अब इन्होंने एक नया पैंतरा निकाल लिया है और वह जमीनों को उत्तराखंड के लोगों को बेचने की मुहिम में जुड़ गए हैं। इधर सरकार ने भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि ऐसे व्यक्ति द्वारा बाद में जमीन राज्य के निवासियों को बेच भी दी जाती है, तो भी राज्य से बाहर का व्यक्ति भू–कानून का उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई से बचना आसान नहीं होगा और उल्लंघन पर कार्रवाई तय है। यहां अब जिला प्रशासन की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी और प्रशासन को जमीनों की खरीद फरोख्त को लेकर सतर्क दृष्टि रखती होगी। सतर्क रहना होगा कि कहीं भू–कानून के उल्लंघन से जुड़े लोग उन्हीं जमीनों को राज्य के निवासियों को तो बेच कर नुकसान न पहुंचा पाएं। उम्मीद की जा रही है कि बाहरी लोगों द्वारा अनियमित और बड़ी संख्या में जो जमीन खरीदी गई है वह कार्रवाई की जद में आएगी और ऐसे भी प्रकरण सामने आएंगे जिनमें औन पौन दामों में बाहरी लोगों को जमीनों को ठिकाने लगाने का करने का प्रयास किया गया।

# तकनीकी विकास और आधुनिकता के प्रभाव से जूझते बच्चे

**तकनीकी विकास ने भारतीय शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह बदल दिया है। ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल उपकरणों का बढ़ता उपयोग बच्चों को नई पद्धतियों से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रहा है। इंटरनेट ने जहां बच्चों को दुनिया भर की जानकारी से परिचित कराया है, वहीं यह पारंपरिक शिक्षा की आदतों और मूल्यों से भी उन्हें दूर कर रहा है। बच्चों को खुद से पढ़ाई करने और स्वाध्याय की आदत डालने की बजाय वे अब इंटरनेट और तकनीकी उपकरणों पर निर्भर हो गए हैं। साथ ही, शिक्षा में नैतिक और सामाजिक शिक्षा की कमी भी महसूस हो रही है। आजकल के बच्चे भले ही तकनीकी दृष्टि से बेहद प्रगति कर गए हैं, लेकिन उनके भीतर मानवीय मूल्यों, नैतिक शिक्षा और पारिवारिक संबंधों की अहमियत धीरे–धीरे कम हो रही है। यह स्थिति बच्चों को मानसिक और सामाजिक दृष्टिकोण से कमजोर बना रही है। भारत में पारंपरिक रूप से बच्चों से उच्च शिक्षा की उम्मीदें बहुत अधिक होती हैं। माता–पिता और समाज बच्चों से उम्मीद करते हैं कि वे हमेशा सर्वोत्तम परिणाम देंगे, जो मानसिक दबाव का कारण बन सकता है। बच्चों को अपनी पहचान बनाने में भी कठिनाई हो रही है, क्योंकि वे समाज के मानकों में बंध कर जीने की कोशिश करते हैं। यह दबाव न उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालता है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी डगमगा सकता है। इसके अलावा, आजकल परिवारों में माता–पिता की व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चों को पर्याप्त समय और ध्यान नहीं मिल पाता। परिणाम यह होता है कि बच्चे अपने माता–पिता से मानसिक और भावनात्मक सहायता प्राप्त नहीं कर पाते और इस स्थिति में उनका मानसिक विकास बाधित हो सकता है।**

**राजेश मणि**

वर्तमान युग में भारतीय समाज त्वरित गति से तकनीकी और सामाजिक बदलावों का सामना कर रहा है। तकनीकी विकास ने हमारे बच्चों के जीवन को जहां नये अवसर दिए हैं, वहीं कई संकटों को भी जन्म दिया है।

आज के बच्चे, जो हर रोज स्मार्टफोन, इंटरनेट और अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं, अपनी मानसिकता, आदतों और जीवनशैली में तेजी से बदलाव महसूस कर रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में भारत में इंटरनेट, स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। शिक्षा से लेकर मनोरंजन तक, सब कुछ डिजिटल हो गया है।

ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल गेमिंग, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और वीडियोग्राफी जैसे अत्याधुनिक साधन बच्चों की सोच, आदतें और जीवनशैली को आकार दे रहे हैं। बच्चों का अधिकांश समय स्मार्टफोन, टैबलेट, और कंप्यूटर पर बीतता है।

परिणामस्वरूप बच्चों में शारीरिक गतिविधियों की कमी हो रही है। शारीरिक निष्क्रियता से मोटापा, हड्डियों की कमजोरी और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। लंबे समय तक स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से उनकी आंखों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और आंखों की रोशनी में भी गिरावट आ रही है। मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। बच्चों को साइबरबुलिंग, पोर्नोग्राफी, और असामाजिक सामग्री का सामना करना पड़ रहा है, जो उनके मानसिक विकास को नुकसान पहुंचाता है। सोशल मीडिया पर खुद को दूसरों से बेहतर साबित करने का दबाव भी बच्चों को तनाव और अवसाद की ओर धकेल रहा है।

तकनीकी विकास ने भारतीय शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह बदल दिया है। ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल उपकरणों का बढ़ता उपयोग बच्चों को नई पद्धतियों से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रहा है। इंटरनेट ने जहां बच्चों को दुनिया भर की जानकारी से परिचित कराया है, वहीं यह पारंपरिक शिक्षा की आदतों और मूल्यों से भी उन्हें दूर कर रहा है। बच्चों को खुद से पढ़ाई करने और स्वाध्याय की आदत डालने की बजाय वे अब इंटरनेट और तकनीकी उपकरणों पर निर्भर हो गए हैं। साथ ही, शिक्षा में नैतिक और सामाजिक शिक्षा की कमी भी महसूस हो रही है। आजकल के बच्चे भले ही तकनीकी दृष्टि से बेहद प्रगति कर गए हैं, लेकिन उनके भीतर मानवीय मूल्यों, नैतिक शिक्षा और पारिवारिक संबंधों की अहमियत धीरे–धीरे कम हो रही है। यह स्थिति बच्चों को मानसिक और सामाजिक दृष्टिकोण से कमजोर बना रही है।

भारत में पारंपरिक रूप से बच्चों से उच्च शिक्षा की उम्मीदें बहुत अधिक होती हैं। माता–पिता और समाज बच्चों से उम्मीद करते हैं कि वे हमेशा सर्वोत्तम परिणाम देंगे, जो मानसिक दबाव का कारण बन सकता है। बच्चों को अपनी पहचान बनाने में भी कठिनाई हो रही है, क्योंकि वे समाज के मानकों में बंध कर जीने की कोशिश करते हैं। यह दबाव न उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालता है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी डगमगा सकता है।

इसके अलावा, आजकल परिवारों में माता–पिता की व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चों को पर्याप्त समय और ध्यान नहीं मिल पाता। परिणाम यह होता है कि बच्चे अपने माता–पिता से मानसिक और भावनात्मक सहायता प्राप्त नहीं कर पाते और इस स्थिति में उनका मानसिक विकास बाधित हो सकता है।

इस संकट से उबरने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाने होंगे–संतुलित जीवनशैलीः बच्चों को तकनीकी उपकरणों का उपयोग सीमित करना चाहिए। शारीरिक गतिविधियों, खेलकूद और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलना चाहिए। संतुलित जीवनशैली बच्चों को मानसिक–शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है। आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षाः बच्चों को तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा और मानवता के मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए। इससे बच्चों का मानसिक–सामाजिक विकास संतुलित रूप से हो सकता है। पारिवारिक समर्थनः बच्चों को अपने परिवार से मानसिक–भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता होती है।

माता–पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए, उन्हें समझने और उनकी समस्याओं का हल निकालने में मदद करनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य की देखभालः बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्त्व के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बच्चे किसी प्रकार के मानसिक तनाव या अवसाद से जूझ रहे हैं, तो उन्हें काउंसलिंग और उचित मानसिक उपचार की सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। शिक्षा में सुधारः पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। बच्चों को आधुनिक ज्ञान के साथ–साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए।

सरकार भी अपने तरीकों से हस्तक्षेप करने का प्रयास किया है भारत सरकार, प्रदेश सरकारें समय– समय पर जागरूकता अभियान और दिशा–निर्देश जारी कर रहे हैं। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने साइबर सुरक्षा पर किशोरों/छात्रों के लिए पुस्तिका भी बनाई है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल में चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने साफ कर दिया कि चाइल्ड पोर्न देखना या उसे स्टोर करके रखना भी पास्को और आईटी कानून के तहत अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पास्को एक्ट की धारा 15 के अनुसार चाइल्ड पोर्न देखना, रखना, प्रकाशित करना या उसे प्रसारित करना अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुझाव भी दिया। कहा कि अदालतों को अपने फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉटेटिव मैटेरिअल का इस्तेमाल करना चाहिए।

सही मायने में 'बाल दिवस' का स्वरूप तब दिखेगा जब हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलें। बच्चों के प्रति कोई हिंसा न हो। बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण, बाल विवाह इस सभी चीजों से आजादी हो। भारत में आज के बच्चे तकनीकी विकास और आधुनिकता के प्रभाव से जूझ रहे हैं। यह तकनीकी युग उनके लिए कई नये अवसर उत्पन्न करता है, लेकिन इसके साथ ही यह उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव भी डाल रहा है।

इस संकट से उबरने के लिए हमें एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें बच्चों का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# कबूतरों की बीट रसायन स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक

**भगवती प्रसाद डोभाल**

हाल ही में कुछ अध्ययनों से चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं, जिनमें कबूतरों से खतरे की बात बताई गई है। इनमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीबी एंड रेस्पिरेटरी डिजीज के डॉ. मीत घोनिया ने बताया कि कबूतर की बीट में साल्मोनेला, ई. कोली और इंफ्लूएंजा–जैसे रोगाणु होते हैं, जिनसे अस्थमा–जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। कहा है कि इन दिनों ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो कबूतरों के संपर्क में रहे हैं। उसका कारण यही माना जा रहा है कि कबूतरों की बीट में जो रसायन पाया जाता है, वह स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है।डॉ. मीत ने बताया कि जब कबूतर एक जगह ज्यादा संख्या में होते हैं, तब उनकी बीट से क्रिप्टोकोकी जैसे फंगल बीजाणुओं के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। यही बीजाणु हवा में अधिक मात्रा में होने के कारण व्यक्ति की सांस के माध्यम से फेफड़ों में चला जाता है। फिर सांस लेने में परेशानी हो जाती है। इस परेशानी से अस्थमा के मरीज बढ़ रहे हैं। यह एक ऐसा बीजाणु है, जो मनुष्य की जान लेने का कारण बनता है।गंभीर बीमारी टीबी के फैलने के खतरों को देखते हुए दिल्ली नगर निगम ने प्रस्ताव रखा है कि दिल्ली में कबूतरों की बढ़ती आबादी को रोकने के लिए कबूतरों को दाना देने वालों को रोका जाए। यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि जहां–जहां दिल्ली शहर में कबूतरों को दाना डालने के स्थान लोगों ने बनाए हैं, उन्हें बंद किया जाए। एमसीडी द्वारा दाना डालने वाले स्थानों को रोकने से जनता खुश नहीं है। उसका कारण है लोगों की भावना। वे इन पक्षियों को जीवित रखना चाहते हैं। इतना ही नहीं, दाना देने वाली जगहों पर ऐसे व्यापारी भी बैठे होते हैं, जो कबूतरों के लिए दाना बिकवाते हैं; वे भी इस रोक से परेशान हैं, उनकी रोजी–रोटी पर असर पड़ रहा है। दिल्ली के कनाट प्लेस, बाराखंबा, मंडी हाउस, पटेल नगर, शंकर रोड, मंदिर मार्ग, कडक़डडूमा, करोल बाग और रोहतक रोड के कई इलाकों के चौक–चौराहों पर कबूतरों के लिए दानागाह हैं। इन स्थानों पर नागरिक दूर–दूर से कबूतरों को दाना देने आते हैं, और उनके लिए पीने के पानी का बंदोबस्त भी किया जाता है। देखा गया है कि अधिकांश पक्षियों की प्रजातियां दिल्ली से लुप्त होती जा रही हैं।गौरया को दिल्ली राज्य के पक्षी की मान्यता दी गई थी पर आज वह खोजने पर भी नहीं मिलती; लुप्त होने का कारण दिल्ली अब उसके रहने लायक नहीं रह गई। छोटे–छोटे स्थानों और पाकरे में वह अपनी संतति बढ़ाने के लिए घोसलों का निर्माण करती थी, लेकिन अब वे स्थान उसके लिए उपयुक्त नहीं रहे। साथ ही, भीड़ भरे स्थानों में गौरया का जीना दूभर हो गया है। ऐसे ही बहुत सारी प्रजातियां दिल्ली से लुप्त हो गई हैं। अब कबूतर ही दिल्ली में सर्वाइव कर रहे हैं क्योंकि वे बड़ी–बड़ी बहुमंजिली इमारतों में अपने घोसले बनाने का प्रयास करते हैं, छिपने का स्थान ढूंढ़ कर संतति बढ़ाते हैं। इसलिए कुछ स्थानों को छोड़ कर कबूतर दिख जाते हैं। वैसे कबूतर का मनुष्य से पुराना रिश्ता भी है। पुराने जमाने में वे ही संदेशवाहक का काम करते थे। राजा–महाराजाओं के संदेशों को पहुंचाने का इतिहास कबूतरों का ही रहा है।इससे पता चलता है कि वे अक्सर आदमियों के करीब ही रहना ज्यादा पसंद करते हैं, लेकिन आज देश की बढ़ती अबादी महानगरों में ही सिमटने को अपना भविष्य मानती है। इस कारण इको सिस्टम ही बदल रहा है। वैज्ञानिक उपलब्धि का फायदा मनुष्य तो ले रहा है पर पर्यावरण को दरकिनार कर नई–नई दुरियों को बुलावा भी दे रहा है। संतुलित विकास का समीकरण ही बदल गया है। इसके साथ ही नये–नये वायरस भी जन्म ले रहे हैं, उनकी वजह से पूरा विश्व ही परेशानियों से जूझ रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोरोना काल है। मृत्यु का तांडव कोरोना काल में रहा। अब आप अपने आसपास के जीव– जंतुओं को ही मिटाना चाहते हैं। वैसे, शांति के प्रतीक कबूतरों से अगर वाकई मानव जीवन को खतरा है, तो इसका हल तलाशना भी वैज्ञानिकों के लिए जरूरी है। दिल्ली के चिकित्सकों ने भी कबूतरों के आवासों को मिटाने के लिए एमसीडी की योजना को सही माना है, और कबूतरों के पोषण के स्थानों को मिटाने का बिल लाया जा रहा है, लेकिन कबूतरों को संरक्षण देने में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9/51 काम कर सकती है। दिल्ली के प्रशासकों और वैज्ञानिकों को ऐसे अनुसंधान की ओर बढ़ना चाहिए जिसमें फंगस, साल्मोनेला ई. कोली–जो कबूतरों को हमसे दूर करता जा रहा है–को मारने के लिए दवा का ईजाद किया जाना निहायत जरूरी है, ताकि हमारा एक प्रिय पक्षी हमसे दूर न होने पाए।

## जरूरी चीजें तीन गुना महंगी

कोरोना महामारी के बाद से गणना की जाए, तो तमाम जरूरी चीजें दो से तीन गुना तक महंगी हो चुकी हैं। कितने लोगों की आमदनी इसी अनुपात में बढ़ी है? मुश्किल से ऐसे 20 फीसदी लोग होंगे। मतलब, 80 प्रतिशत आबादी का जीवन स्तर गिरा है।

पहले आसान भाषा में गौर करें। सितंबर में मुद्रास्फीति दर 5.5 प्रतिशत थी। यानी जो वस्तु अगस्त में 100 रुपये की थी, वह सितंबर खत्म होते–होते 105.50 रुपये की हो गई। अक्टूबर में कीमतों में औसत वृद्धि 6.2 फीसदी की हुई। यानी वही वस्तु लगभग 112 रुपये की हो गई है। इस खाद्य महंगाई की दर लगभग पौने दो गुना रही है। कोरोना महामारी के बाद से गणना की जाए, तो ये तमाम चीजें दो से तीन गुना तक महंगी हो चुकी हैं। भारत में कितने लोग ऐसे हैं, जिनकी आमदनी इसी अनुपात में बढ़ी हो? मुश्किल से ऐसे 20 फीसदी लोग होंगे। मतलब, 80 प्रतिशत आबादी का जीवन स्तर इस दौर में गिरा है। जो तबके पांच किलोग्राम मुफ्त अनाज और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके मामले में यह मार अवश्य कुछ कम होगी। इसलिए उन रिपोर्टों को आसानी से समझा जा सकता है, जिनके मुताबिक ग्रामीण इलाकों में उपभोग अपेक्षाकृत बढ़ा है, जबकि शहरी इलाकों में गिरावट आई है। इसीलिए गांवों में उपभोग में अपेक्षाकृत वृद्धि भी जीवन स्तर संवरने का सूचक नहीं है। सार यह कि सीमित तबकों को छोड़ कर बाकी विशाल आबादी की जिंदगी लगातार ऊंची चल रही महंगाई दर से मुहाल है। क्या यह हैरतअंगेज नहीं कि यह देश का सर्व–प्रमुख राजनीतिक मुद्दा नहीं है? आज कोई सरकार से नहीं पूछता कि उसके मूल्य स्थिरीकरण कोष से क्या हासिल हुआ? चालू वित्त वर्ष के बजट में उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत चलने वाले इस कोष के लिए 10 हजार करोड़ रुपये आवंटित हुए थे। गठन के समय इसका मकसद आवश्यक वस्तुओं के मूल्य पर निगरानी रखना और कीमतों में औचक बढ़ोतरी की स्थिति में दखल देना बताया गया था। अमेरिका से यूरोप तक महंगाई के मुद्दे पर पिछले दो वर्षों में लगातार सरकारें बदली हैं। लेकिन भारतीय राजनीति पर प्रभु वर्ग का शिकंजा इतना कस चुका है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष– दोनों के लिए यह मुद्दा ही नहीं है। जज्बाती सवालों में उलझे इन दोनों पक्षों ने लोगों को महंगाई की चक्की पिसने के लिए छोड़ रखा है।

# बिना उचित इलाज के डायबिटीज झेल रहे लोग

यह अवश्य कहा जाएगा कि डायबिटीज जिस तेजी से फैली है, उसके अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं फैलाने के तकाजे को नजरअंदाज किया गया है। इसीलिए वास्तविक संख्या के लिहाज से आज कहीं ज्यादा लोग बिना उचित इलाज के यह रोग झेल रहे हैं। दुनिया में तकरीबन 82 करोड़ 80 लाख लोग इस समय डायबिटीज के मरीज हैं। उनमें से लगभग एक चौथाई– यानी 21 करोड़ 20 लाख भारत में हैं। विश्व में 30 वर्ष से अधिक उम्र वाले लगभग साढ़े 44 करोड़ डायबिटीज मरीजों को उचित इलाज की सुविधा हासिल नहीं है। भारत में ऐसे लोगों की संख्या 13 करोड़ 30 लाख है। 1990 के बाद डायबिटीज मरीजों की संख्या चार गुना बढ़ी है। ऐसे मरीजों की संख्या साढ़े तीन गुना बढ़ी, जिन्हें उचित चिकित्सा उपलब्ध नहीं है। ये तथ्य ब्रिटिश स्वास्थ्य जर्नल द लासेंट के ताजा शोध पत्र से सामने आए हैं। इनके मद्देनजर यह अवश्य कहा जाएगा कि ये बीमारी जिस तेजी से फैली है, उसके अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं फैलाने के तकाजे को नीति–निर्माताओं ने नजरअंदाज किया है। इसलिए वास्तविक संख्या के लिहाज से आज कहीं ज्यादा लोग बिना उचित इलाज के इस रोग को भुगत रहे हैं। दक्षिण एशिया में डायबिटीज सबसे तेजी से फैली है, यह जाना–पहचाना तथ्य है।

# कंगुवा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 11 : 70 करोड़ कमाना भी हुआ मुश्किल



सिवा की निर्देशित फैंटेसी एक्शन फिल्म कंगुवा का प्रीमियर 14 नवंबर, 2024 को वैश्विक स्तर पर हुआ. फिल्म में साउथ स्टार सूर्या दोहरी भूमिकाओं में नजर आए हैं. शानदार ओपनिंग करने वाली कंगुवा का पहला सप्ताह काफी खराब रहा. उम्मीद थी कि शायद फिल्म दूसरे वीकेंड पर कुछ धमाल कर पाए, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी. हालांकि की बाकी के दिनों की अपेक्षा से कंगुवा ने ठीकठाक परफॉर्म किया है.

सूर्या की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म कंगुवा 70 करोड़ रुपये तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रही है. फिल्म को दर्शकों से मिली जुली समीक्षा मिल रही है. सैकनिल्क के अनुसार, कंगुवा ने 11 दिनों में भारत से केवल 67.50 करोड़ रुपये कमाए. सूर्या स्टारर ने पहले सप्ताह में कुल 64.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था और दूसरे सप्ताह में फिल्म केवल लगभग 3 करोड़ रुपये ही जोड़ पाई है, जो दिखाता कि 100 करोड़ रुपये तो दूर की बात है फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये कमाने के लिए भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. सैकनिल्क के शुरुआती अनुमान के अनुसार, फिल्म ने 11वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1.35 करोड़ रुपये की कमाई की, जबकि 10वें दिन फिल्म ने भारत से 1.15 करोड़ रुपये की कमाई की थी.

11 दिनों के बाद कंगुवा का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 67.50 करोड़ रुपये हो गए हैं. सिवा की निर्देशित फिल्म सूर्या के साथ बॉबी देओल, दिशा पटानी, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, नटराजन सुब्रमण्यम, कोवई सरला और केएस रविकुमार जैसे कलाकारों की टोली है. बॉबी देओल फिल्म में विलेन का किरदार निभाते नजर आए हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक का हाल–बेहाल

अभिनेता अभिषेक बच्चन पिछले लंबे समय से फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह बीते शुक्रवार यानी 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।ज्यादातर समीक्षकों ने फिल्म की तारीफ की और इसमें अभिषेक की अदाकारी की भी जमकर प्रशंसा हो रही है।इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।आइए जानते हैं तीसरे दिन आई वॉन्ट टू टॉक की कितनी कमाई हुई। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, आई वॉन्ट टू टॉक ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1.30 करोड़ रुपये हो गया है।पहले दिन 25 लाख रुपये के साथ फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था।

# बॉलीवुड सुपरस्टार्स पर भारी हैं भारतीय क्रिकेटर, कोहली–धोनी और सचिन तेंदुलकर ने मचा रखी है धूम




नई दिल्ली। भारत में क्रिकेट की अपार लोकप्रियता के चलते यहां के खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू दुनिया के अन्य क्रिकेटरों से कहीं ज्यादा है। इसके अलावा भारतीय क्रिकेटरों की पहचान वैश्विक मंच पर भी है। इसके विपरीत बॉलीवुड स्टार इन क्रिकेटरों से ब्रांड वैल्यू के मामले में बहुत पीछे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली और एमएस धोनी ने बॉलीवुड की दिग्गज हस्तियों को पीछे छोड़ रखा है। एक नए रिसर्च में पता चला है कि क्रिकेटर बॉलीवुड सितारों की तुलना में अधिक लोकप्रिय हस्ती के रूप में उभरे हैं। हंसा रिसर्च की ब्रांड एंडोर्सर रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत में ब्रांड एंबेसडर के रूप में क्रिकेटरों ने बॉलीवुड अभिनेताओं को पीछे छोड़ दिया है। विराट कोहली, एमएस धोनी और सचिन तेंदुलकर जैसे एथलीट इस सूची में टॉप पर मौजूद हैं। ये खिलाड़ी अपील, विश्वसनीयता और फैन फॉलोइंग के कारण एंडोर्समेंट के लिए टॉप विकल्पों में शुमार हैं।

**भारत में मशहूर हस्तियों की सूचीः–**

विराट कोहली
एमएस धोनी
सचिन तेंदुलकर
शाहरुख खान
अक्षय कुमार
अमिताभ बच्चन
अल्लू अर्जुन
सलमान खान
रितिक रोशन
दीपिका पादुकोण

4 हजार लोगों से किया गया सवाल

हंसा रिसर्च के कार्यकारी उपाध्यक्ष आशीष कर्नाड ने बताया कि किस प्रकार क्रिकेटरों में अपने फैंस से जुड़ने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि क्रिकेटर वास्तविक जीवन के नायक होते हैं, जिन्होंने अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए साधारण पृष्ठभूमि से उठकर काम किया है। बता दें कि यह रिसर्च भारत के 36 शहरों में 4000 लोगों से किए ऑनलाइन सवालों पर आधारित है। इसके बाद इंट्रस्ट्री से जुड़ी 29 सब कैटेगरी बनाकर फैसला किया गया।

**ऑस्ट्रेलिया में हैं कोहली**

गौरतलब हो कि कोहली इस समय ऑस्ट्रेलिया में हैं, जहां वे बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में अपना 30वां टेस्ट शतक बनाया और भारत को सीरीज के पहले मैच में 295 रनों से जीत दिलाई। दूसरी ओर, धोनी चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा रिटेन किए जाने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 संस्करण में नजर आएंगे।

# ना सिंगल ना रिलेशन में हैं मलाइका अरोड़ा, खुलासा कर खुद बताया क्या है स्टेटस



फिल्म इंडस्ट्री की ग्लैमरस कलाकार मलाइका अरोड़ा का अभिनेता अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हो चुका है। ऐसे में उनके फैंस यह जानने के लिए बेकरार हैं कि उनका वर्तमान में स्टेटस क्या है। एक पोस्ट शेयर कर छैया छैया गर्ल ने खुलासा कर बताया है कि अभी उनका रिलेशनशिप स्टेटस कैसा है। मलाइका अरोड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर एक मजेदार पोस्ट शेयर किया, जिस पर लिखा है, "अभी मेरा रिलेशनशिप स्टेटस, इस लाइन के नीचे तीन ऑप्शन भी हैं, जिनमें पहला रिलेशनशिप में, दूसरा सिंगल और तीसरे पर हेहेहे लिखा है। मजेदार बात है कि अरोड़ा ने अपने स्टेटस के लिए हेहेहे पर टिक किया। यह पोस्ट मलाइका और उनके पूर्व प्रेमी अर्जुन कपूर के अलग होने के फैसले के बाद आया है। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने साल 2018 में डेटिंग शुरू की थी। हालांकि, उन्होंने कभी भी अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात नहीं की। सोशल मीडिया पर यह जोड़ा अक्सर अपने खूबसूरत पलों की तस्वीरें और पोस्ट शेयर करता नजर आता था। रोमांटिक हो या फनी दोनों के एक–दूजे के साथ में कई तस्वीरें हैं।मलाइका और अर्जुन कई इवेंट और पार्टियों में भी साथ नजर आते थे।इस बीच बता दें कि अभी हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने खुलासा कर बताया था कि वह अपने कुछ खास काम करने जा रही हैं, जो कि उनके दिवंगत पिता अनिल कुलदीप मेहता को समर्पित होगी।

## वेस्टइंडीज से पिटने के बाद बांग्लादेश को हुआ तगड़ा नुकसान

नई दिल्ली। एंटीगुआ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 201 रनों से हराकर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। यह जीत वेस्टइंडीज के लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में संघर्ष कर रहे थे। सीरीज का पहला मुकाबला जीतकर वेस्टइंडीज ने विजयी आगाज किया। वेस्टइंडीज की टीम ने दूसरी पारी में बांग्लादेश को जीत के लिए 334 रन का टारगेट दिया था, लेकिन मेहमान टीम 132 रन पर ही ढेर हो गई और इस तरह विंडीज टीम ने 201 रन पर ही मैच जीत लिया। इस मैच में मिली जीत के साथ ही बड़ा बदलाव हुआ।

# जसप्रीत बुमराह के सिर सजा नंबर–1 का ताज




नई दिल्ली। पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। वहीं, ताजा जारी हुई आईसीसी मेंस टेस्ट गेंदबाज रैंकिंग में फिर से नंबर–1 खिलाड़ी का स्थान हासिल किया है। बुमराह ने अफ्रीका के तेज गेदबाज कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया। बल्लेबाजी रैंकिंग में जायसवाल और कोहली को भी फायदा मिला है। बुमराह ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में भारत की 295 रन की प्रभावशाली जीत के दौरान आठ विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। फॉर्म में चल रहे दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने दो पायदान की छलांग लगाई और साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन की कुर्सी हासिल की।

इंग्लैंड के खिलाफ लिए थे 9 विकेट

बुमराह पहली बार इस साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ 9 विकेट लेने के बाद क रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। इसके बाद अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन के बाद एक बार फिर नंबर वन गेंदबाज बन गए थे, लेकिन हाल के हफ्तों में रबाडा ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। अब फिर से जसप्रीत बुमराह ने रबाडा को पीछे छोड़ दिया है।

## एक नजर

### भूषण ब्लाक अध्यक्ष तो कुकरेती बनें मंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ईकाई बीरोंखाल ब्लॉक का बुधवार को अधिवेशन हुआ। अधिवेशन में हुए चुनाव में विनोद भूषण ने अध्यक्ष पद और मंत्री पद पर पंकज कुकरती ने जीत दर्ज की।

बुधवार को बीआरसी बीरोंखाल में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के चुनाव जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री की देखरेख में सम्पन्न हुए। अध्यक्ष पद पर तीन ने दावेदारी की। अध्यक्ष पर विनोद भूषण को 56 मत पड़े, जब की बृजेश मधवाल को 42 और बृजमोहन बड़थ्वाल को 11 मत मिले। विनोद भूषण ने 14 मतों से जीत दर्ज की। वहीं मंत्री पंकज कुकरेती को 84, कुंवर सिंह रावत को 23 मत पड़े। कोषाध्यक्ष पद पर सुमन सिंह रावत को निर्विरोध बनाया गया। निर्वाचन अधिकारी चन्द्रपाल सिहं प्रभारी प्रधानाचार्य सुंदरनगर की द्वारा अधिवेशन के परिणामों की घोषणा की। अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर विनोद भूषण ने कहा कि शिक्षक लंबे समय से पदोन्नति, वेतन लाभ न मिलने से दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत तैनात शिक्षकों की सभी मांगों को जिलास्तर के अधिकारी के सम्मुख रखेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज जुगरान, जिलामंत्री मनीष राणा, कुलदीप गौरव द्विवेदी, हर्षपाल सिंह, आलोक शर्मा, रेखा गौनियाल, गुलशन शर्मा, संतोष शर्मा आदि मौजूद रहे।

### योग प्रशिक्षितों ने की नियुक्ति की मांग

देहरादून। योग प्रशिक्षित बेरोजगार महासंघ ने सचिवालय में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा से मुलाकात कर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। इस दौरान महासंघ की ओर से एक ज्ञापन भी सौंपा गया। महासंघ ने उच्च शिक्षा सचिव को अवगत कराया कि मार्च 2024 को प्रदेश के 117 राजकीय महाविद्यालयों में योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति जारी हुई थी। 640 अभ्यर्थियों ने आवेदन भी कर लिए थे, लेकिन नियुक्ति का मामला शासन स्तर पर लंबित है। उच्च शिक्षा सचिव ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा है कि राजकीय महाविद्यालयों में शीघ्र ही योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। मुलाकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अमित नेगी और प्रदेश प्रवक्ता कीर्ति मकरवाण उपस्थित रहे।

### ब्लाइंड फुटबॉल टीम के ट्रॉयल के लिए तीन का चयन

देहरादून। रूस के मास्को में होने वाली ब्लाइंड फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम इंडिया के चयन को उत्तराखंड के तीन खिलाड़ी ट्रॉयल के लिए चुने गए हैं। कोच नरेश नयाल ने बताया कि आईबीएफएफ ने उत्तराखंड से शिवम सिंह नेगी, तुषार कुमार और गोलकीपर आदित्य सजवान को चयन ट्रायल के लिए बुलाया है। जो केरल के कोच्चि शहर में 30 नवंबर से तीन दिसंबर तक होगा। खिलाड़ी चार से 14 दिसंबर तक कोचिंग कैंप में प्रशिक्षण लेंगे और 15 को टीम मास्को के लिए रवाना होगी। उत्तराखंड के ही नरेश सिंह नयाल को सहायक कोच और गोलगाइड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदित्य सजवान रेस कोर्स स्थित एसजीआरआर के 12वीं के छात्र हैं। शिवम आदर्श विद्यालय से पास हो चुके हैं। तुषार अभी भी आदर्श विद्यालय में कक्षा 11वीं के छात्र है।

### संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों को मिले समान काम का समान वेतन

देहरादून। उत्तराखंड कर्मचारी अधिकारी राज्य निगम महासंघ ने संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को समान काम का समान वेतन देने की मांग की। मुख्य सचिव को भेजे पत्र में महासंघ ने हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर नियमितीकरण और समान काम का समान वेतन मांगा। महासंघ अध्यक्ष दिनेश गुसाईं ने कहा कि संविदा, आउटसोर्स कर्मचारी विभाग में स्थायी कर्मचारियों के समान पूरा काम संभाले हुए हैं। एक एक कर्मचारी को अपनी सेवाएं देते हुए 10 से 15 साल और कई कर्मचारियों को तो 20 साल तक हो चुके हैं। ऐसे कर्मचारियों को समान काम का समान वेतन न देना, उनके साथ अन्याय है।

इन कर्मचारियों के पक्ष में हाईकोर्ट समेत अन्य कोर्ट भी अपना फैसला सुना चुकी है। कोर्ट साफ कर चुकी है कि कर्मचारियों को नियमित किया जाए। नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें समान काम का समान वेतन दिया जाए। महासचिव बीएस रावत ने कहा कि जो लाभ राज्य कर्मियों को दिए जा रहे हैं, वे सभी लाभ निगम कर्मियों को भी समय पर उपलब्ध कराए जाएं। अभी तक निगम कर्मियों को सातवें वेतनमान के अनुरूप मकान किराया भत्ता तक नहीं मिल रहा है।

# शहर की समस्याओं पर भड़के संगठन, निगम में किया प्रदर्शन

### शिकायत के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कूड़ा, पार्किंग, सीवर सहित शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस व अन्य संगठनों ने नगर निगम व प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी शहर की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जा रहा है। संगठनों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की भी चेतावनी दी। कहा कि शहरवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को कांग्रेस सहित अन्य संगठन के सदस्य नगर निगम परिसर में एकत्रित हुए। यहां संगठनों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए क्षेत्रवासियों की अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि कोटद्वार नगर निगम बनने के बाद जनता को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम पांच वर्षों में मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवा पाया है। हालात यह है कि पार्किंग के अभाव में शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। शहर में लगातार बढ़ रहे आवारा गोवंशों के संरक्षण को लेकर भी निगम लापरवाह बना हुआ है। निगम गठन के पांच वर्ष बाद सीवर लाइन नहीं बनाई गई है। कूड़ा निस्तारण की समस्या भी जस की तस बनी है। आबादी के बीच ही ट्रेंचिंग ग्राउंड का संचालन किया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय को लेकर भी लापरवाही दिखाई जा रही है। सनेह क्षेत्र में एनएच प्रभावितों की समस्या जस की तस बनी हुई है। भाबर के जशोधरपुर में फैट्रियों के धुंए से आमजन का सांस लेना भी दूभर होता जा रहा है। संगठनों ने दस वर्ष तक शहरवासियों से किसी भी तरह का टैक्स न लेने, शहर में पुस्तकालय का निर्माण करवाने व सत्यापन को लेकर गंभीरता से अभियान चलाने की मांग उठाई। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद डबराल, कांग्रेस उपाध्यक्ष बलवीर सिंह रावत, विनोद मधवाल, भुवन मोहन गुसाई, रंजना रावत, अजयपाल रावत, संदीप रावत, राजाराम अण्थ्वाल, आशाराम, गोकुल सिंह नेगी, वीरेंद्र सिंह, कृष्ण चंद्र खंतवाल, मो. स्वाले सहित कई अन्य मौजूद रहे।


कोटद्वार नगर निगम कार्यालय के समीप धरने पर बैठे संगठन के सदस्य

# समिति ने डा. राम प्रसाद ध्यानी को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति की ओर से पूर्व अपर शिक्षा निदेशक डा. राम प्रसाद ध्यानी को सम्मानित किया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज सेवा का भी संकल्प लिया।

समिति के सदस्यों ने डा. राम प्रसाद ध्यानी के आवास में पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।

संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी व अन्य सदस्यों ने डा. राम प्रसाद ध्यानी को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व अपर शिक्षा निदेशक डा. राम प्रसाद ध्यानी ने सदैव गरीब व आसहाय बच्चों की मदद के लिए कार्य किया। शिक्षा के क्षेत्र में दिया जा रहा उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर कई विद्यार्थी आज देश के सर्वोच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

संस्था के सदस्यों ने भी शिक्षा के क्षेत्र में अभियान चलाने का निर्णय लिया। कहा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा मिलें इसके लिए हम सभी को गंभीरता से कार्य करना होगा। इस मौके पर माया देवी, चंद्र सिंह नेगी, नारायण सिंह नेगी, गंभीर सिंह असवाल, कुंवर सिंह रावत, कमल बिष्ट, दीपक ध्यानी आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डा. राम प्रसाद ध्यानी को सम्मानित करते समिति के सदस्य

# दिशा गौड़ अध्यक्ष व आदित्य ध्यानी बनी सचिव

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब की ओर से इंट्रेक्ट क्लब का गठन किया गया। जिसमें दिशा गौड़ को अध्यक्ष, आदित्य ध्यानी को सचिव बनाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष गुरु वचन सिंह, इंट्रेक्ट चेयरमैन ज्योति स्वरूप उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर दिया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। क्लब के अध्यक्ष गुरुवचन सिंह ने अपने अनुभव व पिछले कुछ वर्षों में क्लब की उपलब्धियों को साझा किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं में से इंट्रेक्ट क्लब के सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें दिशा गौड़ को अध्यक्ष, प्रतिष्ठा बिष्ट को उपाध्यक्ष, मृदुल बमेटा को कोषाध्यक्ष, आदित्य ध्यानी को सचिव व ओजस रावत को संयुक्त सचिव चुना गया। साथ ही क्लब में 19 विद्यार्थियों को बतौर सदस्य शामिल किया गया। एएसपी जया बलूनी ने बच्चों को क्लब बैज पहनाया। उन्होंने बच्चों को नशामुक्ति व साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य नितिन भाटिया, क्लब ट्रेनर वाईपी गिरला, चार्टर मेंबर विजय माहेश्वरी, सचिव विजय सिंह, मीनाक्षी भाटिया आदि मौजूद रहे। संचालन सारिका रावत ने किया।

### खेल प्रशिक्षण शिविर तीस नवंबर से

कोटद्वार : कोटद्वार के राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में दस दिवसीय विशेष खेल प्रशिक्षण शिविर तीस नवंबर से अयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि विशेष खेल प्रशिक्षण शिविर के उपरांत खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व आकर्षक पुरस्कार भी दिया जाएगा। शिविर में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड का मूल निवासी होना आवश्यक है। साथी खिलाड़ी को अपना आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र लाभ भी आवश्यक है। खिलाड़ियों की संख्या अधिक होने पर बैटरी टेस्ट के माध्यम से चयन किया जाएगा।

### रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के दायित्व में फेरबदल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निकाय) डॉ. आशीष चौहान ने निकाय चुनाव हेतु नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के दायित्व में आंशिक फेरबदल किया है। आदेश के अनुसार नगर पंचायत थलीसैण में अध्यक्ष पद हेतु रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी धुमाकोट रेखा आर्य के स्थान पर अधिशासी अभियंता लोनिवि धुमाकोट अरूण कुमार को नियुक्त किया है। नगर निगम कोटद्वार में वार्ड संख्या 37 से 40 तक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहायक अभियंता निर्माण शाखा जल निगम कोटद्वार सुनील कुमार के स्थान पर कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय, कोटद्वार भगवान दास को नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत स्वार्गाश्रम जौंक में वार्ड संख्या 01 से 04 तक सहायक अभियंता लोनिवि यमकेश्वर अनुज चौहान के स्थान पर सहायक अभियंता लोनिवि यमकेश्वर राहुल आर्य को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर निगम श्रीनगर में वार्ड संख्या 33 से 36 तक (व्याख्याता) राजकीय पॉलीटेक्निक पौड़ी दीपिका रावत के स्थान पर सहायक अभियंता कार्यालय पीएमजीएसवाई सिंचाई खण्ड श्रीनगर राजेन्द्र सिंह चौहान को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर निगम श्रीनगर में वार्ड संख्या 17 से 20 तक ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक, श्रीनगर बच्ची लाल आर्य के स्थान पर सहायक अभियंता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग श्रीनगर नरेश कुमार को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

# धरा को हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लैंसडौन स्थित केंद्रीय विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत विशेष वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। बच्चों ने धरा को हरा-भरा बनाने के लिए पौधरोपण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या अक्षिता चौधरी ने की। ग्रीन पल्स सोसाइटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल ने कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते।

इसलिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा जल संरक्षण पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में अरूण चंद्र पांथरी ने बच्चों को विस्तार से बताया कि किस तरह हम अपने विद्यालय को पर्यावरण के अनुकूल बना सकते हैं। उन्होंने पीपीटी प्रजेंटेंसन के जरिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जाने वाले छोटे-छोटे उपायों के बारे में जानकारी दी। कहा कि हम छोटे प्रयास से अपने आसपास के वातावरण को हरा-भरा कर सकते हैं। इस मौके पर ग्रीन पल्स सोसाइटी की उपाध्यक्ष प्रणिता कंडवाल, सचिव प्रशांत कुकरेती, सह सचिव मोहित कंडवाल के साथ ही विद्यालय की पीएम श्री संयोजिका स्वाति पोखरियाल ने विचार रखे। इस मौके पर मनीष सिंह, गणेश राम, गौरव कुमार मिश्र, शमून हुसैन आदि मौजूद रहे।


लैंसडौन के केंद्रीय विद्यालय में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देते सदस्य

# भीम राव अंबेडकर को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** संविधान दिवस पर दुर्गापुरी वार्ड नंबर 27 खूनीबड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर को याद किया। भाबर मंडल भाजपा के तत्वाधान में डॉ. बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला उपाध्यक्ष भाजपा कोटद्वार अनीता आर्य ने कहा कि बाबा साहेब की संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। दलित समाज के उत्थान मे बाबा साहेब की मुख्य भूमिका है। बाबा साहेब थे तो हम है। कहा कि हमें बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विवेक भारती ने किया। इस मौके पर अनु मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनमोहन, जिला महामंत्री अनु मोर्चा हंसलता, मंडल महामंत्री अनु मोर्चा प्रदीप, आनंद अग्री, अमित नेगी, नीलेंद्र, हरि सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, संविधान दिवस पर पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता के मध्यम से संविधान के महत्व के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि आजादी के बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में संविधान निर्माण प्रारूप समिति का गठन किया गया।


कोटद्वार के दुर्गापुरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

### किसानों को दी पशुओं के बारे में जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बुधवार को पौड़ी ब्लॉक में दो दिवसीय चारा उत्पादन एवं साइलेज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 40 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों को पशुओं के खान पान और पालन पोषण संबंधी जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण मे उमंग स्वयत्त सहकारिता ढांडरी, साधना स्वयात्त सहकारिता ल्वाली के किसानों को चारा उत्पादन की कई जानकारियां दी गईं। पशुपालन विभाग के डा. आलोक खंडूड़ी ने गाय के खानपान व पालन पोषण की जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख दीपक कुकशाल ने किया। इस मौके पर ग्रामोत्थान जिला परियोजना के मयंक उनियाल, धनी लाल उनियाल, कीर्ति गुसाईं, विजय बिष्ट, कविता, अक्षय तोमर, आशा नेगी, अभिषेक, साहिल आदि लोग मौजूद रहे।

## अवैध निर्माण को लेकर एनएसयूआई का एमडीडीए दफ्तर पर प्रदर्शन

ऋषिकेश। नगर क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने एमडीडीए कार्यालय का घेराव करते हुए अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। कहा कि नियमों के विरूद्ध निर्माणों से नगर क्षेत्र में हादसों का खतरा बढ़ गया है, लेकिन विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। चेताया कि एमडीडीए ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई न की तो आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को छात्रसंघ अध्यक्ष हिमांशु जाटव के साथ एनएसयूआई कार्यकर्ता आशुतोषनगर स्थित एमडीडीए कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए कार्यालय का घेराव किया। हिमांशु ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही से ऋषिकेश में अवैध निर्माणों की बाढ़ सी आ गई है।

### बहुउद्देशीय शिविर 30 नवंबर को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : पिण्डवाली में 30 नवम्बर को बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला कार्यालय के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि 30 नवम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गैरसैंण ब्लॉक के पिण्डवाली में 11 बजे से 2 बजे तक बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण किया जाएगा और विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

# तीसरे दिन भी अस्पताल पहुंचते रहे फूट प्वाइजनिंग के मरीज

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत कुंभीचौड़ में शादी का खाना खाने से बीमार लोगों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को करीब बीस से अधिक लोग अस्पताल पहुंचे। हालांकि अधिकांश लोगों को दवा देकर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। मालूम हो कि रविवार को कुंभीचौड़ क्षेत्र में एक विवाह समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे थे। रात्रि भोजन के बाद जब लोग अपने घर पहुंचे तो उन्हें उल्टी व दस्त की शिकायत होने लगी। जिसके बाद कुछ व्यक्तियों ने आसपास के मेडिकल स्टोर से दवा ली। जबकि, कुछ की हालत बिगड़ने पर उन्हें राजकीय बेस चिकित्सालय पहुंचाया गया। ऐसे में अब तीन दिन से अस्पताल में फूट प्वाइजनिंग के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बुधवार को भी कुंभीचौड़ से करीब बीस लोग फूट प्वाइजनिंग की शिकायत लेकर पहुंचे। शादी समारोह में शामिल व्यक्तियों का कहना है कि जिन व्यक्तियों ने दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों का सेवन किया वह बीमार हैं। जबकि, मांस खाने वाले पूरी तरह स्वस्थ हैं। इससे पता चलता है कि दूध के खाद्य पदार्थों में ही कोइ कमी थी।


कोटद्वार के बेस अस्पताल में भर्ती फूट प्वाइजनिंग के मरीज

# पोस्टर प्रतियोगिता में आयुषी तिवारी रही प्रथम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में विलियम शेक्सपियर नाटक शीर्षक पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा आयुषी तिवारी प्रथम स्थान पर रही। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्ररित किया। बुधवार को महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डा. डीएस नेगी व विभागाध्यक्ष डा. वर्षा सिंह ने किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में हर रोज कुछ बेहतर सीखने की ललक पैदा करनी चाहिए। डा. अमित कुमार गौड़ ने विद्यार्थियों को विलियम शेक्सपियर के इतिहास के बारे में बताया। डा. बसंतिका कश्यप, आशा देवी, सरिता चौहान ने बताया कि शेक्सपियर के नाटकों से जीवन में कई सीख मिलती है। विश्व साहित्य के इतिहास में शेक्सपियर के समक्ष रखे जाने वाले विरले ही कवि मिलते हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में बीस विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में आयुषी तिवारी ने प्रथम, नवीन ने द्वितीय और ज्योति व सिमरन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को शिक्षकों की ओर से सम्मानित भी किया गया।


कोटद्वार के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी के दौरान बनाए गए पोस्टरों को दिखाते विद्यार्थी

### गढ़वाल विवि में कुलपति की नियुक्ति न होने से छात्रों में आक्रोश

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में कुलपति की नियुक्ति को लेकर संशय का माहौल बना हुआ है। गढ़वाल विवि में कुलपति के न होने से छात्रों में आक्रोश बना हुआ है। कुलपति की नियुक्ति को लेकर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने गढ़वाल सासंद अनिल बलूनी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए गढ़वाल केंद्रीय विवि में कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में भाजपा मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने कहा कि गढ़वाल विवि में लगभग एक माह से नियमित कुलपति का पद रिक्त चल रहा है और ना ही किसी वरिष्ठ प्रोफेसर को कुलपति का चार्ज दिया गया है। गढ़वाल विवि के कुलपति के नियुक्त न होने से अधिकांश महत्वपूर्ण कार्य संपन्न नहीं हो पा रहें है। (एजेंसी)

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप–मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए **एकल पैकेट प्रणाली** के अन्तर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा एनआईटी संख्या | 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./यू.एम.बी./137 |
| 2 | कार्य का नाम तथा स्थान | पंजाब राज्य के 10 नम्बर (आनन्दपुर साहिब, कुराली, बुटारी, सुजानपुर, दसुआ, राजपुरा, साहनेवाल, चिहेड़ू, घग्गर तथा मेसारखाना) रेलवे ट्रेक्शन सब स्टेशन पर पावर क्वालिटी रिस्टोरर स्थापना करने के लिए रेलवे एसी ट्रेक्शन सिस्टम के लिए पंजाब राज्य रेलवे ट्रैक्शन विद्युत नियामक आयोग की अधिसूचना दिनांक 18.09.2020 एंव 21.03.2023 के अनुसार पंजाब के रेलवे टी एस एस में सात दिनों के लिए हार्मोनिक्स तकनीकी आर्थिक अध्ययन रिपोर्ट का संचालन मूल्यांकन और जमा करने के लिए कार्य का प्रावधान। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 3 (तीन) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 45,43,000.00 |
| 5 | बोली प्रतिभूति (आन लाईन) जमा कराने के लिए | ₹ 90,900/– |
| 6 | ई निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनाँक **19.12.2024** समय **11.30** बजे तक आई०आर०ई०पी०एस० की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक **19.12.2024** समय **11.30** बजे खोली जायेगी। |
| 7 | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज: | विस्तृत ई निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेब साईट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 05.12.2024 से 19.12.2024 तक उपलब्ध होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

**प्रपत्र सं0: 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./यू.एम.बी./137 दिनांक 27.11.2024**

**3658/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| Tender No. Date | 244-DRM-MB-24-25 dt. 26.11.2024 | 245-DRM-MB-24-25 dt. 26.11.2024 |
|---|---|---|
| Name of Work | ZONE 02 (2024-25) from CH-MB, CH-HGJ, RJK-SHTS section (excluding ZRTI, CH & MB) for staff qtrs & service building under ADEN/CH. | ZONE 03 (2024-25) for staff quarters and service buildings in ZRTI/CH under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date Time | 23.12.2024 | 23.12.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 79,99,995.57 | 51,99,988.30 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,60,000.00 | 1,04,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | - | - |
| Bidding Start Date | 09.12.2024 | 09.12.2024 |
| Period of Completion | 06 month | 06 month |

**पत्रांक-75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 26.11.2024** **3642/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## एक नजर

### गैरसैंण में विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांगों को लेकर अनशन जारी

चमोली : सीएचसी गैरसैंण में विशेषज्ञ डाक्टरों की तैनाती करने सहित अन्य मांगों को लेकर गैरसैंण में लोगों का अनशन जारी है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेंद्र धीमान अनशन पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी 14 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगा। बुधवार को रामलीला मैदान में अनशन स्थल पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेन्द्र धीमन ने कहा कि वो लोग सीएचसी गैरसैंण में विशेष डॉक्टरों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। साथ ही महाविद्यालय में एमएससी की कक्षाएं प्रारंभ करने, नगर में लावारिस पशुओं से निजात दिलाने, पंचाली में स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करने, धुनारघाट-कुणखेत एवं आगरचट्टी-जिनगोड़ मोटर मार्ग की मरम्मत करने सहित कुल 14 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती उनका अनशन जारी रहेगा। बुधवार को उनके समर्थन में निर्वतमान सभासद कुंवर रावत, पूर्व प्रधानाचार्य दीवान राम, विनोद पंवार, कुंवर पंवार, भैरव असनोड़ा, संजय बिष्ट, ओम प्रकाश, मौ. हनीफ, संजय कुमार, पूर्व प्रधान मनवर पंवार, निर्वतमान नपंअ पुष्कर रावत, नरेन्द्र बिष्ट, धन सिंह शाह के साथ ही ममंदल डांगीधार की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, कोषाध्यक्ष, रेखा देवी, पुष्पा, कमला, सुशीला आदि महिलाओं ने आंदोलन को समर्थन दिया। (एजेंसी)

### उफराई देवी मौडवी महोत्सव 2 दिसंबर से

उत्तरकाशी : नन्दा देवी राजजात 2026 से पूर्व होने वाले धार्मिक अनुष्ठान उफराई देवी मौडवी महोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आज होगी। नन्दा देवी राजजात समिति के महामंत्री भुवन नौटियाल ने बताया उफराई देवी मौडवी महोत्सव 2 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होगा। इसकी तैयारी को लेकर बैठक गुरुवार को कर्णप्रयाग में आयोजित होगी। (एजेंसी)

### जिला होम्योपैथी अधिकारी मंजूर करेंगे डेढ़ लाख तक के बिल

देहरादून। राज्य के सरकारी कर्मचारियों उनके आश्रितों के होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से हुए इलाज के बिलों की प्रतिपूर्ति के संदर्भ में शासन ने मानक तय कर दिए हैं। सचिव आयुष रविनाथ रमन की ओर से इस संदर्भ में आदेश किए गए हैं। आदेश के अनुसार होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से इलाज के बिलों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए डेढ़ लाख तक के बिलों को मंजूर करने का अधिकार जिला होम्योपैथी अधिकारी को होगा। जबकि डेढ़ लाख से पांच लाख तक के बिलों के भुगतान की मंजूरी होम्योपैथी निदेशक को होगी। जबकि पांच लाख से अधिक के बिलों का भुगतान की मंजूरी शासन स्तर से होगी। सचिव की ओर से जारी आदेश के अनुसार कर्मचारियों के बिलों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के साथ ही हाईकोर्ट के न्यायाधीश और मौजूदा व पूर्व विधायक भी इस दायरे में आएंगे।

### एमएल प्रसाद बने यूईआरसी चेयरमेन

देहरादून। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद पर बुधवार को मदन लाल प्रसाद ने शपथ ली। सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। एमएल प्रसाद अभी तक उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग में बतौर कार्यवाहक अध्यक्ष काम कर रहे थे। शासन स्तर से चयन प्रक्रिया के बाद आयोग अध्यक्ष पद पर चयन होने के बाद बुधवार को शपथ लेकर उन्होंने अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। एमएल प्रसाद इससे पहले ऊर्जा निगम में निदेशक परिचालन के पद पर भी रहे। पॉवर सेक्टर में 1986 में बतौर सहायक अभियंता पद पर उन्होंने ज्वाइन किया। उत्तर प्रदेश विद्युत परिषद में उत्तराखंड राज्य गठन तक अपनी सेवाएं दी। इसके बाद से ऊर्जा निगम के अस्तित्व में आने के बाद से वे उत्तराखंड में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

### उत्तराखंड के तुषार ने नया मीट रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण पदक

देहरादून। लखनऊ में चल रही स्कूल नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तराखंड के तुषार पंवार ने नया मीट रिकॉर्ड बनाकर स्वण पदक अपने नाम किया। अब वे अगले साल होने वाले वर्ल्ड स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंगलवार देर शाम लखनऊ में आयोजित चैंपियनशिप की 10 किमी वॉक रेस में तुषार पंवार ने अंडर–17 आयुवर्ग में प्रतिभाग करते हुए रेस को 20 मिनट 31 सेकेंड में पूरा करते हुए स्कूल नेशनल चैंपियनशिप का नया मीट रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक कब्जाया।

# संयुक्त समिति करेगी आधार कार्ड का दुरुपयोग कर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की जांच

## सार्वजनिक व वाणिज्यिक वाहनों की गहनता से होगी जांच ,जिला स्तरीय राजस्व संवर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई आयोजित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. चौहान ने कहा कि अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एसडीएम और आरटीओ की एक समिति गठित की जाएगी, जो नेपाली नागरिकों द्वारा आधार कार्ड का दुरुपयोग कर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की जांच करेगी। जिससे अवैध रूप से वाहन चला रहे नेपाली वाहन चालकों की पहचान कर उनके खिलाफ मिशन मोड में कार्रवाई की जा सकेगी। कहा कि सार्वजनिक व वाणिज्यिक वाहनों की गहनता से जांच की जाए।

मंगलवार देर सायं जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय राजस्व संवर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक जिला कार्यालय स्थित एन.आई.सी. कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में राजस्व, खनन, परिवहन, आबकारी, जीएसटी, विद्युत, जिला विकास प्राधिकरण, सिंचाई, वन और पर्यटन सहित संबंधित विभागों की राजस्व वसूली और संसाधन वृद्धि के कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने परिवहन विभाग को जनपद में बंद पड़े और पुराने वाहनों को चलन से हटाने, दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट और बिना नंबर प्लेट के वाहनों, ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर सख्ती से चालान के निर्देश दिये। परिवहन विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्य में माह अक्टूबर में कुल 1298 वाहनों के चालान किए गए जिससे 20.66 लाख की राजस्व वसूली की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर राजस्व वसूली की प्रक्रिया का कार्य तेजी से पूर्ण करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कर निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया करें तथा वसूली के साथ-साथ राजस्व वृद्धि की संभावनाओं को तलाशने हेतु नई योजनाएं बनायें। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कोटद्वार, श्रीनगर और यमकेश्वर को निर्देश दिए कि अवैध खनन में शामिल डंपर, ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी मशीन को सीज करते हुए चालानी कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अलकनंदा नदी में संभावित नए क्षेत्रों का निरीक्षण कर जानकारी प्रस्तुत करें, जहां कानूनी खनन की संभावना हो। उन्होंने खनन छापेमारी की प्रक्रिया को तेज करने और अवैध खनन में संलिप्त वाहनों व स्वामियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खनन विभाग के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त राजस्व 49.06 प्रतिशत रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिये। बैठक में वर्चुअल माध्यम से सभी उपजिलाधिकारी, जबकि एन.आई.सी में एसडीओ वन आयशा बिष्ट, एसडीओ विद्युत गोविन्द सिंह रावत, जिला पर्यटन विकास अधिकारी केएस नेगी, सहायक आयुक्त चंचल चौहान, खाद्य अभिहित अधिकारी अजब सिंह रावत, खान अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### स्टांप रजिस्ट्री और भूमि धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी करें

जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को ओवररेटिंग पर सख्त नियंत्रण रखने और राजस्व वृद्धि के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अवशेष अधिभार वसूली कम करने पर नाराजगी जताते हुए 15 दिन के अन्दर राजस्व प्राप्ति के निर्देश दिये।

कहा कि वसूली न कर पाने की स्थिति में जिला आबकारी अधिकारी के वेतन आहरण रोक लगाई जायेगी। डीएम ने जिला निबंधक विभाग को भू-कानून के दुरुपयोग की जांच कर भू-माफिया को चिह्नित करने और स्टांप रजिस्ट्री तथा भूमि धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी बनाएं रखने के निर्देश दिए।

# कोटद्वार, पौड़ी और थलीसैंण में पीएम आवास योजना की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज

## 15 दिसंबर से पूर्व आवासों का निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा करते हुए नगर निगम कोटद्वार, नगर पालिका पौड़ी और नगर पंचायत थलीसैंण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने सभी नगर निकायों को 15 दिसंबर से पूर्व आवासों का निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। काम की संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर उन्होंने नगर निगम कोटद्वार के सिटी मिशन मैनेजर (सीएमएम) पीएम आवास योजना का वेतन रोकने के निर्देश दिए।



बुधवार को जिला कार्यालय स्थित सभागार में जिलाधिकारी डॉ. चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की निर्माण प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर बताया गया कि पौड़ी जिले में उक्त योजना में 934 आवासों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है और 346 आवास जियोटैग नहीं हुए हैं। नगर निगम कोटद्वार, नगर पालिका पौड़ी और नगर पंचायत थलीसैंण की कार्य प्रगति काफी धीमी है। कोटद्वार में 849 आवास, पौड़ी में 69, थलीसैंण में 15 और श्रीनगर में 01 आवासों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने संबंधित निकायों के अधिकारियों से कार्य शुरू नहीं होने का कारण पूछा। कोटद्वार के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने सिटी मिशन मैनेजर पीएम आवास योजना का वेतन रोकने के निर्देश दिए। पौड़ी के अधिशासी अधिकारी एसके जोशी ने बताया कि लगभग 35 लाभार्थियों को भवन निर्माण शुरू नहीं कराने पर नोटिस भेजे गए हैं। कुछ ने जवाब नहीं भेजे हैं और कुछ ने अवगत कराया है कि वह इच्छुक नहीं हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो लाभार्थी काम नहीं करवाना चाहते उनकी स्वीकृति निरस्त की जाए। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर को योजना की पुनः समीक्षा की जाएगी। इससे पूर्व सभी नगर निकाय भवनों का जियोटैग और निर्माण कार्य शुरू करवा दें। बैठक में नगर निगम कोटद्वार के सहायक नगर आयुक्त कोटद्वार शेखर शर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्रीनगर गायत्री, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौड़ी एसके जोशी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत थलीसैंण दीपक प्रताप, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सतपुली पूनम और प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्वयक सुशील आदि मौजूद थे।

# सामाजिक संस्थाएं शिक्षा और स्वास्थ्य में करें सहयोग

देहरादून। उत्तराखंड जैन समाज के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद्र जैन की स्मृति में तिलक रोड स्थित महावीर जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में बुधवार को मानवधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन ने छात्र छात्राओं को ट्रैकशूट बांटे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण मुख्य अतिथि रहीं। छात्र छात्राओं को ट्रैक शूट बांटते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बड़ा सहयोग कर रही हैं। लेकिन उन्हें और ज्यादा सहयोग करना होगा। कहा कि ये कार्यक्रम बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण कदम है। यह ट्रैक सूट न केवल बच्चों की फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह उन्हें प्रेरित करेगा कि वे अपने लक्ष्यों की ओर लगातार मेहनत करें। उन्होंने कहा कि खेल का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि इससे न केवल हमारा शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक विकास भी होता है। कहा कि शिक्षा का केवल उद्देश्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह हमें एक अच्छा इंसान, एक अच्छा नागरिक बनाने की दिशा में भी मार्गदर्शन करती है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सुरेश चंद्र जैन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायक कार्यों को सराहा। इस दौरान कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना,मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन, राष्ट्रीय सलाहकार नरेश चंद, प्रधानाचार्य डॉ स्वेता सिंह ,मानवाधिकार आयोग की प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन, गौरव जैन, अनिल जैन, नीलम बुडाकोटी ,बबीता और समीर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 29 नवंबर को फल वितरण के साथ संपन्न होगा पांडव नृत्य

रुद्रप्रयाग : जनपद के भरदार क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत दरमोला के राजस्व गांव तरवाड़ी में चल रहे पांडव नृत्य में पांडवों से आशीर्वाद लेने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। उन्हें अनेक तरह के पकवान बनाकर लाए जा रहे हैं। 29 नवम्बर को फल वितरण के साथ यहां पांडव नृत्य का समापन किया जाएगा। पांडव नृत्य देखने के लिए हर दिन बड़ी संख्या में लोग गांव पहुंच रहे हैं। बीते 12 नवम्बर से ग्राम पंचायत दरमोला के तरवाडी गांव में चल रहे पांडव नृत्य के दौरान बुधवार को नौगरी का कौथिग का आयोजन किया गया। सुबह पुजारी कीर्ति प्रसाद डिमरी ने बदरीनाथ विशाल, नागराजा, तुंगनाथ, हीत देवता, चामुंडा मां के देव निशानों की विशेष पूजा-अर्चना के साथ भोग लगाया। कौथिग को लेकर स्थानीय लोग सुबह से ही पांडव पश्वों के लिए विभिन्न तरह के पकवान बनाने में जुट गए थे। पांडव पश्वा ने वैसे तो पूरे गांव का भ्रमण करना था, लेकिन समय के कमी के चलते पांडव चौक पर ही पांडवों के लिए विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार किए। जिसके लिए सभी ग्रामीणों के घरों से सामग्री एकत्रित की गई। पांडव के लिए बनाए गए पकवान सर्वप्रथम बद्री विशाल भगवान को लगाया, उसके बाद ही पांडव पश्वों ने ग्रहण किया। इस दौरान यहां हवन भी किया भी किया गया। मान्यता है कि जब पांडव अज्ञातवास के लिए गए थे, तो उस समय उन्होंने विभिन्न गांवों में भीक्षा मांगकर ही अपना पेट भरा था। आज भी लोग इस परम्परा की संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। दोपहर दो बजे बाद पांडव पश्वों ने अपने अस्त्र-शस्त्रों के साथ ढोल दमाऊं की थाप पर नृत्य शुरू किया। जो काफी देर तक भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

## कामर्स विभाग के छात्रों को दी ऑप्शनल ट्रेड की जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्रीनगर गढ़वाल विवि के कॉमर्स विभाग में जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें आईटी के शमीम अहमद ने स्नातक योग्यता प्राप्त अभियार्थियों को अप्रेंटिसशिप के माध्यम से ऑप्शनल ट्रेड में ओजीटी (आन द जाब) कर करियर बनाने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। साथ ही अप्रेंटिसशिप अवधि में किये जाने वाली धनराशि, पंजीकरण करने से सम्बंधित आदि जानकारी दी गई। इस मौके पर दीपक सिंह, उत्तम सिंह बागड़ी, प्रदीप ध्यानी, सुरेश कुमार, विक्रम सिंह, रविवाकर के साथ ही वाणिज्य संकाय के प्रो. अतुल ध्यानी, प्रो. पी नैथाणी, प्रो. वीसी शर्मा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# बाल विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने की शपथ ली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकथाम से सम्बन्धित जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने की शपथ ली गई। इस दौरान बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा बाल विवाह रोकने हेतु हरसम्भव प्रयास करने को कहा गया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली ने कहा कि अपने आस-पास एवं अन्य किसी भी स्थान में यदि बाल विवाह जैसी कुरीती होती देखते है तो तत्काल इसकी शिकायत सम्बन्धित पंचायत, थाना/पटवारी चौकी में कर अपने कर्तव्य का निवर्हन करें। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा




बाल विवाह रोकथाम से संबंधित पेम्पलेट्स आदि वितरित किये गये। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र थपलियाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आशा रावत के साथ ही बाल विकास परियोजना एवं वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कार्मिकों के साथ आंगनबाडी कार्यकत्री उपस्थित रही।

# सीएचओ को शनिवार के दिन नहीं मिलेगा अवकाश : सीएमओ

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए जरूरी निर्देश दिए गए। साथ ही प्रति शनिवार को निर्धारित आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन के दृष्टिगत सीएचओ को शनिवार के दिन अवकाश न देने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य की समीक्षा के अंतर्गत ससमय टीकाकरण सुनिश्चित कराने, एचएमआईएस व आरसीएच रिपोर्टों का अनुश्रवण व समीक्षा के उपरांत ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जिला स्तर को रिपोर्ट प्रेषित करने, हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों में विशेष ऐहतियात बरतने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक टीबी रोगियों की खोज हेतु बलगम जांच दर ओपीडी के सापेक्ष अनिवार्य रूप से पांच प्रतिशत करने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश बगवाड़ी द्वारा आगामी दिसंबर माह से शुरू होने वाले 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के बारे में



जानकारी दी गई। बताया गया कि अभियान के तहत सीएचओ व आशा कार्यकत्रियों द्वारा क्षेत्रों में निक्षय शिविर आयोजित किए जाएंगे। एनटीईपी कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए महानिदेशालय स्तर से जनपद को प्राप्त पोर्टेबल एक्स-रे मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। कांप्रिहेंसिव प्राइमरी हेल्थ केयर कार्यक्रम की समीक्षा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रति शनिवार आयुष्मान आरोग्य केंद्र में पीएचसी स्तर पर आयोजित हो रहे स्वास्थ्य शिविरों की रिपोर्टिंग न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को आयुष्मान आरोग्य शिविरों की नियमित व निर्धारित समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रति शनिवार आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन के मद्देनजर सीएचओ को शनिवार के दिन अवकाश न देने के निर्देश भी दिए। अवकाश अति आवश्यक होने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संबंधित सीएचओ के आयुष्मान आरोग्य शिविर के आयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कर ही अवकाश प्रदान करें। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आशुतोष, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. खुशपाल शाह, डॉ. गोपाल सजवाण, डॉ. अतुल उपाध्याय, डीपीएम हिमांशु नौडियाल, बीपीएम मुदित मैठाणी, अमित मैठाणी, विपिन सेमवाल, विजय रावत, अशोक नौटियाल, हरेंद्र नेगी, अरविंद अणथ्वाल, सतीश नौटियाल, हेमंत नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## बेहतर समाज निर्माण में लैंगिक समानता की अहम भूमिका

उत्तरकाशी : गोस्वामी गणेशदत्त विद्या मंदिर लक्षेश्वर और राइंका गंगोरी में बुधवार को लैंगिक समानता विषय पर जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को लैंगिक समानता की बारीकी से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लोक चेतना मंच के अनमोल बिष्ट ने लिंग भेद के आधार पर समाज एवं कार्य स्थल में हो रहे भेदभाव पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता बेहतर समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। महिला और पुरुष दोनों जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अवसर, अधिकार, करियर एवं जीवनशैली अपनाने के लिए स्वतंत्र हो। कहा कि समाज में बेटों की चाह ने लैंगिक असमानता को बढ़ावा दिया है। कहा कि घर से ही ज्यादा लैंगिक असमानता घर से ही शुरू हो जाती है, जहां लोग लड़कों को ज्यादा स्वतंत्रता देते हैं।

# बंधुवर सेवा समिति ने कराया गरीब की बिटिया का विवाह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : नयारघाटी सतपुली के एकेश्वर विकास खंड अंतर्गत ग्राम मलेठी स्थित ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्ध आश्रम में बंधुवर सेवा समिति समाजिक संस्था ने एक निर्धन परिवार की बेटी की शादी धूमधाम के साथ कराई।

बुधवार को वृद्ध आश्रम में एक और गरीब कन्या विवाह हिंदू रीति-रिवाज से बड़ी धूमधाम से सम्पन्न करवाई गई। ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्ध आश्रम संस्थापक ठाकुर सुंदर सिंह चौहान ने बताया कि उन्होंने 101 जरूरतमंद लोगों एवं विधवाओं की कन्याओं की शादी करवाने का संकल्प लिया है।

शादी सम्पन्न करवाने एवं व्यवस्थाएं बनवाने के लिए बंधुवर सेवा समिति संस्था बनवाई है। जिसकी अध्यक्ष श्रीमती माया देवी है। ताकि जरूरतमंद गरीब लोग शादी करवाने के लिए माया देवी से संपर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि बुधवार को बीरोंखाल



विकासखंड के ग्राम मैठाणा के सुरेन्द्र सिंह की पुत्री शर्मीली की शादी बीरोंखाल ब्लॉक के ही ग्राम चौरखिंडा निवासी वचन सिंह के पुत्र विजय के साथ हिंदू रीतिरिवाज के साथ बड़े धूमधाम से सम्पन्न कराई गई। इस मौके पर पंडित राकेश, बंधुवर सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष माया देवी, कोषाध्यक्ष निकिता चौहान, जितेंद्र चौहान, त्रिलोक सिंह चौहान, त्रिलोक सिंह नेगी, रणवीर सिंह रावत, विनोद चौहान, जगमोहन डांगी, पुष्पेंद्र राणा, राजकमल नेगी, विपुल सिंह रावत, राजनीतिन सिंह रावत, उपेंद्र सिंह नेगी, प्रमोद रौथाण, सेवानिवृत प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह रावत, बिपुल रावत, मातवर सिंह रावत, कैप्टन रणधीर सिंह नेगी, मुकेश सिंह चौहान, राहुल नेगी, क्षत्रिय उत्थान समिति कोटद्वार के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद थे।

## पंचायतों में प्रशासक बैठाना हिटलरशाही : कॉंग्रेस

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने पंचायतों में प्रशासक बैठाने का विरोध करते हुए इस हिटलरशाही करार दिया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पहले नगर निकाय चुनाव, फिर छात्रसंघ, सहकारिता और अब पंचायत चुनाव टालना सरकार की मनसा पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की दो साल कार्यकाल बढ़ाने की मांग जायज थी, सरकार को उस पर विचार करना चाहिए था। बुधवार को मीडिया को जारी बयान में गोदियाल ने कहा कि कोराना काल में पंचायतों में विकास कार्य ठप रहे। इस दौरान चुने गए प्रतिनिधियों को अपनी ग्राम सभाओं में विकास कार्य करने का मौका नहीं मिला। ऐसे यदि वह कार्यकाल बढ़ाने की मांग कर रहे थे तो वह गलत नहीं थी। उन्होंने कहा कि सरकार को पंचायतों को दो साल न सही, लेकिन कुछ न कुछ वक्त जरूर देना चाहिए था।

# गृहमंत्री के दौरे को लेकर आईजी रेंज ने ली ब्रीफिंग

देहरादून। गृह मंत्री अमित शाह के आज देहरादून दौरे को लेकर बुधवार को पुलिस की ब्रीफिंग हुई। दौरे की तैयारियों को लेकर आईजी गढ़वाल रेंज करन सिंह नगन्याल ने पुलिस लाइन में अफसरों संग बैठक की।

उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में बिना अनुमति के ड्रोन का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार सुबह विशेष विमान से देहरादून पहुंचेंगे। यहां वह मसूरी स्थित एलबीएस अकादमी में होने वाले समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद भाजपा के राज्य के शीर्ष स्तर के नेताओं के साथ वार्ता कर सकते हैं। उनके दौरे को लेकर आईजी गढ़वाल रेंज करन सिंह नगन्याल ने बुधवार को पुलिस लाइन में ब्रीफिंग ली। ब्रीफिंग के दौरान सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए वर्तमान सुरक्षा परिदृश्यों के दृष्टिगत सभी अधिकारियों को सजग और सतर्क रहने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ किया कि वे अपने साथ सादे और वर्दी में लगने वाले पुलिस बल की पहचान कर उनके ड्यूटी कार्ड चेक कर लें।

ड्यूटी में नियुक्त कर्मचारियों को तय समय से तीन घंटे पूर्व अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। गृह मंत्री जौलीग्रांट से हेलीकॉप्टर से मसूरी जाएंगे। हालांकि, मौसम की कोई बाधा हुई तो सड़क मार्ग से फ्लीट ले जाने की तैयारी की गई है। इस दौरान एसएसपी देहरादून अजय सिंह, एसपी इंटेलिजेंस मंजूनाथ टीसी, सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी, कमांडेंट आईआरबी द्वितीय श्वेता चौबे और अन्य अधिकारी शामिल रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com